प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1910 शनिवार** **दिनांक 23.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन आज से रायपुर में शुरू–अधिवेशन में अट्ठाईस राज्यों से विभिन्न बुनकर संघों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान आज जेट्रो के अधिकारियों के साथ की बैठक–प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित।

3– छत्तीसगढ़ का लोकपर्व पोरा आज प्रदेषभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4– मौसम विभाग ने कल उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की दी चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**सहकार भारती–राष्ट्रीय सम्मेलन**

राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन आज से राजधानी रायपुर में शुरू हो गया है।

सहकार भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत करने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अधिवेशन की सफलता के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि देश की आर्थिक तरक्की में बुनकरों का बड़ा योगदान है।

वहीं, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सहकार से समृद्धि के तहत छत्तीसगढ़ में चौव्वन पहल की गई है, जो सीधे गांवों, गरीबों और किसानों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में बीस हजार हथकरघा कार्यरत् हैं, जिनके माध्यम से साठ हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। राज्य में तीन सौ उनतीस पंजीकृत प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों महासंघ से जुड़ी हुई हैं, जो सरकारी वस्त्र उत्पादन में सक्रिय हैं।

इस अवसर पर सहकार भारती के अध्यक्ष डॉक्टर उदय जोशी ने कहा कि सहकारिता लोगों का स्थायी आर्थिक विकास करता है। इस अधिवेशन में बुनकरों के लिए राष्ट्रीय एजेंडा तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहकार भारती देश के अट्ठाईस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के छह सौ पचास जिलों में काम कर रही है।

अधिवेशन को श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन और सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक कुमार चौरसिया ने भी संबोधित किया।

## मुख्यमंत्री–जापान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे पर है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आज टोक्यो में जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन–जेट्रो के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आईटी, टेक्सटाइल, एयरो स्पेस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जेट्रो को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। जेट्रो के अधिकारियों ने कहा कि जेट्रो जापान और दुनिया के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देता है, जिससे कंपनी को वैश्विक स्तर पर विस्तार करने में मदद मिलती है। जेट्रो के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के साथ व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाने में रूचि दिखाई।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर ''इंडियन ईएमबी टोक्यो'' द्वारा आयोजित ''डीप स्पेस–टू द मून एंड बियॉन्ड'' प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## राज्यपाल–संगोष्ठी

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। श्री डेका आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई जलवायु परिवर्तन जर्नलिस्ट फोरम और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि धरती का तापमान असामान्य रूप से बढ़ रहा है, जिससे मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। राज्य में तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, लू की तीव्रता और बाढ़ की घटनाएं बढ़ रही है।

## हाईकोर्ट–रोस्टर प्रणाली

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नया रोस्टर जारी किया है, जो आगामी छब्बीस अगस्त से लागू होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार विशेष पीठ की जिम्मेदारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा स्वयं संभालेंगे। वहीं, डिवीजन बेंच–दो की जिम्मेदारी न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल और न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल को दी गई है। जबकि, एकल पीठ–तीन का दायित्व न्यायमूर्ति पार्थ प्रतिम साहू को सौंपा गया है।

## पोरा तिहार

छत्तीसगढ़ का लोकपर्व पोरा आज प्रदेषभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर किसानों ने अच्छी फसल की कामना के साथ अपने हल और बैलों की पूजा–अर्चना की। बच्चों ने मिट्टी से बने बैल और अन्य खिलौनों का आनंद उठाया। पोरा त्यौहार, कृषि संस्कृति में पषुधन के महत्व को दर्षाने वाला पर्व है।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम के रायपुर स्थित निवास पर आज पोरा तिहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान शंकर का अभिषेक तथा पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों को पोरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री गजेन्द्र यादव, खुशवंत साहेब, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित कई विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में रायपुर स्थित सुभाष स्टेडियम में तीजा–पोरा तिहार मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

वहीं, पोरा तिहार के अवसर पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैल दौड़ सहित अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर कल राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में तीजा–पोरा तिहार मनाया जाएगा।

**ऑनलाइन गेमिंग विधेयक**

संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को पारित कर दिया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में कुछ सालों पहले हुई ऑनलाइन गेमिंग की शिकार एक महिला ने इस विधेयक का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को ऑनलाइन गेम की लत लग गई थी। इसी के चलते उन्हें अपने अकाउंट से करीब सवा तीन लाख रूपये गंवाने पड़े थे।

**डीएड / बीएड–काउंसिलिंग**

राज्य के बी.एड., डी.एल.एड., बी.ए.–बी.एड. और बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इन परीक्षाओं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी एस.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट में काउंसिलिंग के लिए प्रक्रिया शुल्क का भुगतान कर विकल्प फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

उधर, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा वाणिज्य और कम्प्यूटर एप्लीकेशन के लिए प्राध्यापक परीक्षा के दस्तावेजों का सत्यापन तीस अगस्त को किया जाएगा।

**खेल समाचार**

नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन फुटबॉल मैदान में आयोजित सब जूनियर गर्ल्स राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले में आज उत्तरप्रदेश की टीम ने तेलंगाना को चार के मुकाबले एक गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस प्रतियोगिता का दूसरा चरण पच्चीस अगस्त से शुरू होगा।

उधर, महासमुंद जिले के भोरिंग स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बिलासपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित तेरह पदक अपने नाम किए हैं।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने कल उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर मध्यप्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तरप्रदेश के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– वन मंत्री केदार कश्यप ने कल जगदलपुर में पौधारोपण कर अमृत योजना के तहत ''वूमन फॉर ट्री'' अभियान की शुरूआत की।

– रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में कल खैरागढ़ स्थित कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में रजत जयंती फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

– छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड–सी.जी.एम.एस.सी. ने महासमुंद स्थित एक निजी कंपनी द्वारा आपूर्ति की गई पांच सौ और छह सौ पचास एमजी की पैरासिटामॉल टेबलेट की गुणवत्ता में कमी पाई है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीजीएमएससी ने कंपनी को नोटिस जारी किया है।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बिलासपुर के तालापारा स्थित आंगनबाड़ी में डीजे का उपकरण गिरने से एक बच्ची की मौत के मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर और राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

– जांजगीर–चांपा जिले की अकलतरा पुलिस ने फर्जी तरीके से एक किसान के खाते से साढ़े पांच लाख रूपये की राशि गबन करने के मामले में सेवा सहकारी समिति के संस्था प्रभारी सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

– बालोद जिले की डौंडीलोहारा पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए बिहार के जमोई से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने पीएम किसान योजना के नाम पर एक बुजुर्ग से बारह लाख रूपये से अधिक की ठगी की थी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>